उम्मीदवारों के वक्तव्य

संयुक्त राज्य सीनेट

- अमेरिकी कांग्रेस में California के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सीनेटरों में से एक के रूप में सेवारत है।
- नए राष्ट्रीय कानूनों का प्रस्ताव देता है तथा उन पर मत देता है।
- पुष्टि प्राप्त करने वाले संघीय जजों, अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस, और असैन्य तथा सैन्य पदों पर राष्ट्रपति द्वारा की जाने वाली कई उच्चस्तरीय नियुक्तियों पर अपना मत देता है।

Kamala D. Harris | डेमोक्रैटिक

मैं संयुक्त राज्य सीनेट के लिए चुनाव लड़ रही हूँ क्योंकि मेरा विश्वास है कि यही समय है कि California के और अधिक लोगों और अमेरिका के और अधिक लोगों के लिए अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया जाए।। आजीवन अभियोजक (प्रॉसिक्यूटर) के रूप में, मैंने हमेशा केवल एक ही मुवक्किल को सेवा प्रदान की है: California के लोग। San Francisco की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी और California अटॉर्नी जनरल के रूप में, मैंने गर्व से लोगों की ओर से काम करते हुए शक्तिशाली हितों का विरोध किया और हमारे परिवार के लिए असली जीतें हासिल कीं। मैंने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों तथा महिलाओं और बच्चों के शोषण से लाभ कमाने वाले मानव तस्करों सहित हिंसक अपराधियों को आड़े हाथों लिया। मैंने प्रदूषकों और बड़ी तेल कंपनियों पर मुकद्दमा चलाया, बड़े वॉल स्ट्रीट बैंकों को आड़े हाथों लिया तथा अपने मकान-मालिकों की सुरक्षा हेतु राष्ट्र के सबसे कड़े पुरोबन्ध-रोधक कानून को पास करने के लिए भरसक प्रयास किया। California के संयुक्त राज्य सीनेटर के रूप में, मैं लोगों के लिए लड़ना जारी रखूँगी और उस ग्रिडलॉक में से बाहर निकलूँगी जो वॉशिंगटन तक फैला हुआ है। मैं संघीय डॉलरों को वापस लाकर अपने लोगों के लिए रोजगार पैदा करने के लिए संघर्ष करूँगी जिससे हमारी चरमराती जल एवं परिवहन प्रणालियों में सुधार हो सकेगा। मैं बेहतर स्कूलों के लिए तथा प्रत्येक बच्चे को प्री-किंडरगार्टन और सस्ती बाल-देखरेख उपलब्ध कराने के लिए संघर्ष करूँगी। जिस समय छात्र ऋण कॉलेज के स्नातकों को मुहताज बना रहा है, मैं पुनर्वित्त और सुधार के लिए संघर्ष करूँगी ताकि कॉलेज सभी छात्रों के लिए किफायती बन सके। मैं अपने पूर्व सैनिकों का समर्थन करूँगी जो घर वापसी पर स्वास्थ्य की बढ़िया देखरेख और नौकरी के प्रशिक्षण के हकदार हैं। मैं हमारे पर्यावरण और तटों की रक्षा करूँगी तथा जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध संघर्ष की अगुवाई करूँगी। कृपया मेरे साथ शामिल हों। आपके विचार करने के लिए धन्यवाद।

4311 Wilshire Blvd., Suite 200
Los Angeles, CA 90010

टेलीफोन: (213) 221-1269
ईमेल: info@KamalaHarris.org
www.KamalaHarris.org

Loretta L. Sanchez | डेमोक्रेटिक

California को एक कुशल नेता की आवश्यकता है जो परिणाम दे सके और आज हमारे सामने खड़ी आर्थिक, शैक्षिक और सुरक्षा की विभिन्न प्रकार की चुनौतियों से निपट सके। *हमारे अगले अमेरिकी सीनेटर को विधायी और राष्ट्रीय सुरक्षा का व्यापक अनुभव होना चाहिए तथा उसे कामकाजी लोगों के जीवन के अनुभवों को साझा करना चाहिए। मेरे पास यह अनुभव है, और इसलिए मैं इस पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार हूँ।* मेरे माता-पिता मेहनती आप्रवासी थे जिन्होंने अपने सात बच्चों को पालने के लिए संघर्ष किया। मैं सरकारी और केन्द्रीय अनुदानों की सहायता से पढ़ाई करके कॉलेज तक पहुँची, तथा एनाहीम रोटेरी क्लब ने मेरी MBA की पढ़ाई का खर्च वहन किया। मेरे माता-पिता ने मेहनत की, शिक्षा को महत्व दिया तथा अमेरिका के इतिहास में एकमात्र ऐसे माता-पिता हैं जिन्होंने दो पुत्रियों को कांग्रेस में भेजा है। यही वजह है कि मैंने 20 वर्षों से कांग्रेस में शिक्षा, सस्ते कॉलेज, स्वास्थ्य देखरेख में सुधार, प्रवासन में सुधार, लिंग समानता, LGBT के अधिकारों, न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाना तथा पर्यावरण सम्बन्धी संरक्षा के लिए पूरे उत्साह से संघर्ष किया है। मैंने अत्यधिक आवश्यकता के समय स्वतंत्र निर्णय और साहस का भी प्रदर्शन किया है: *मैंने इराक युद्ध, तथाकथित पैट्रियट अधिनियम, और वॉल स्ट्रीट की वित्तीय सहायता के विरुद्ध मतदान किया था।सशस्त्र सेवाएं एवं जन्म-भूमि सुरक्षा समितियों के वरिष्ठ सदस्य के रूप में,* मैंने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि मेरी सेना जीतने के लिए प्रशिक्षित और सज्जित हो तथा उनके घर जाने पर उनकी देखभाल की जाए। मैं ऐसी एकमात्र उम्मीदवार हूँ जिसके पास अमेरिका को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू आतंकवाद सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक राष्ट्रीय सुरक्षा का अनुभव है। आपके सीनेटर के रूप में, मैं California के सभी नागरिकों के लिए लड़ूँगी, ताकि हम मिलकर एक अधिक मज़बूत और अधिक समृद्ध भविष्य बना सकें। *मैं विनम्रतापूर्वक आपका वोट मांगती हूं।*

P.O. Box 6037
Santa Ana, CA 92706

टेलीफोन: (714) 774-0236
ईमेल: info@loretta.org
http://loretta.org

वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब ढंग से चुनकर निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ के वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे और शुद्धता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वैच्छिक रूप से भेजा गया था और इसके लिए उम्मीदवार द्वारा भुगतान किया गया था। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किए थे, वे अन्यथा मतपत्र पर प्रकट होने के लिए पात्र हो सकते हैं।